## तेलंगाना -हरियाणा में बनेगा सबसे बड़ा औद्योगिक शहर

# आगरा और प्रयागराज में भी बनेंगे औद्योगिक शहर

राजीव कुमार • जागरण

**नई दिल्ली :** जीडीपी में मैन्यूफैक्चरिंग की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए इस साल के बजट में 12 औद्योगिक शहरों की स्थापना का प्लान किया गया था। गत अगस्त महीने के आखिरी सप्ताह में इस घोषणा पर कैबिनेट कमेटी ने भी अपनी मुहर लगा दी। डीपीआइआइटी औद्योगिक शहरों की स्थापना और वहां होने वाले निर्माण के लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा। इन 12 औद्योगिक शहरों में सबसे बड़ा एरिया तेलंगाना के जहीराबाद और हरियाणा के हिसार का होगा। इन दोनों ही जगहों पर एक लाख से अधिक रोजगार निकलने का अनुमान लगाया गया है। उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश में दो-दो तो महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, हरियाणा, केरल व तेलंगाना में एक-एक औद्योगिक शहर बसाने का फैसला किया गया है।

### उत्तर प्रदेश में खाका तैयार

**आगरा** : शहर से 21 किलोमीटर पूर्व की ओर होगा यह औद्योगिक शहर।

- एरिया 1058 एकड़, परियोजना लागत 1812 करोड़, निवेश अनुमान 3447 करोड़, रोजगार अनुमान 69,516

**फोकस सेक्टर :** लेदर सामान एवं अपैरल, फूड प्रोसेसिंग और ब्रेवरेज, दवा, इंजीनियरिंग एवं फैब्रिकेशन, इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम डिजाइन मैन्यूफैक्चरिंग

**प्रयागराज** : शहर से 25 किलोमीटर दक्षिण पर बसाया जाएगा दूसरा औद्योगिक शहर

- एरिया 352 एकड़, परियोजना लागत 658 करोड़, निवेश अनुमान 1600 करोड़, रोजगार अनुमान 17,700

**फोकस सेक्टर :** इलेक्ट्रिक आटोमोबाइल, फूड प्रोसेसिंग और ब्रेवरेज, लेदर सामान, रेडिमेड गारमेंट, साइकिल मैन्यूफैक्चरिंग, पैकेजिंग